दिनांक : 26 मई, 2021

प्रेस विज्ञप्ति

नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ

आम जनमानस का ध्यान बिगड़ते हुए पर्यावरण की ओर आकृष्ट करने हेतु संयुक्त राष्ट्र द्वारा 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस घोषित किया गया है। इसका उद्देश्य सम्पूर्ण विश्व के छात्र/छात्राओं, संस्थाओं तथा सामान्य जनमानस में पर्यावरण से सम्बन्धित विषयों के सम्बन्ध में जागरूकता एवं संवेदनशीलता पैदा करना है। प्रत्येक वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण से सम्बन्धित विषय घोषित किया जाता है, जिस पर चर्चा करके समाधान निकालने का प्रयास रहता है। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस का विषय– ''**Ecosystem Restoration**'' (पारिस्थितिकी तंत्र की पुनः स्थापना) है। इसका तात्पर्य हमारे अस्तित्व के लिए निरंतर घातक हो रहे पर्यावरण को पुनः किस प्रकार पूर्व की स्थिति में लाकर जीवन के अस्तित्व को सुरक्षित किया जाय।

उपरोक्त विषय पर अपने निबन्ध सीधे अथवा रजिस्टर्ड डाक द्वारा या प्राणि उद्यान की ई–मेल **lucknowzoo@gmail.com** पर नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ को प्रेषित कर सकते हैं। निबन्ध प्रेषित करने की अन्तिम तिथि दिनांक 03 जून, 2021 के अपरान्ह् 12 बजे तक है। दिनांक 05 जून, 2021 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर परिणाम घोषित किया जायेगा। निबन्ध प्रतियोगिता निम्न तीन श्रेणी में आयोजित की जायेगी–

विषय– ''**Ecosystem Restoration**'' (पारिस्थितिकी तंत्र की पुनः स्थापना)

वर्ग	अधिकतम शब्द
कक्षा 06 से 09 तक	150 शब्द
कक्षा 10 से 12 तक	250 शब्द
कक्षा 12 से ऊपर	300 शब्द

नियम व शर्ते

- प्रतिभागी निबन्ध हिन्दी व अंग्रजी भाषा में लिख सकते हैं।
- प्रतियोगी का नाम, पता, विद्यालय का नाम, वर्ग, शीर्ष, मोबाइल नम्बर तथा ई–मेल आई.डी. निबन्ध के पीछे लिखा होना आवश्यक है।
- विद्यालय प्रशासन द्वारा प्रत्येक वर्ग से 03–03 सर्वोत्तम निबन्ध निदेशक, नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ के ई–मेल **lucknowzoo@gmail.com** पर दिनांक 03.06.2021 को अपरान्ह् 12:00 बजे तक पहुॅचना अनिवार्य है। प्रतिभागी स्वयं भी निबन्ध भेज सकते हैं।
- प्रतियोगिता के प्रत्येक वर्ग हेतु अधिकतम 03 पुरस्कार होंगे, आवश्यकता पड़ने पर अन्य पुरस्कार निदेशक, नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ के विवेक से निर्धारित किये जा सकते हैं।

- कार्यक्रम, नियम में परिवर्तन करने का अधिकार, निदेशक, नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ के पास सुरक्षित रहेगा। निर्णायक मण्डल का निर्णय निर्विवाद एवं अन्तिम होगा।
- पुरस्कार की घोषणा दिनांक 05 जून, 2021 को प्राणि उद्यान प्रशासन द्वारा की जायेगी। विजयी प्रतिभागियों की सूची दिनांक 05 जून, 2021 को सांय प्राणि उद्यान के नोटिस बोर्ड पर चस्पा एवं प्राणि उद्यान की वेबसाइट, फेसबुक, ट्विटर, इन्स्टाग्राम एवं यूट्यूब पर अपलोड कर दी जायेगी तथा विजयी प्रतिभागियों को सूचित कर पुरस्कृत करने हेतु आमंत्रित किया जायेगा।

अतः कार्यक्रम से सम्बन्धित जानकारी प्राणि उद्यान के दूरभाष संख्या–0522–2239588 पर अथवा श्री अभिषेक दुबे, शिक्षा अधिकारी से मोबाइल नम्बर 8005493607 पर सम्पर्क कर सकते हैं तथा प्राणि उद्यान वेबसाइट **www.lucknowoo.com** पर तथा फेसबुक, ट्विटर, इन्स्टाग्राम एवं यूट्यूब पर भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

(–ह0–)
(राजेन्द्र कुमार सिंह)
निदेशक
नवाब वाजिद अली शाह
प्राणि उद्यान, लखनऊ